



# मंदसौर में श्रीमद् भागवत रसपान महोत्सव का शुभारंभ

▸ **भव्य पोथी यात्रा व शोभायात्रा निकली**

**मन्दसौर निप्र। धर्म, भक्ति और संस्कारों की त्रिवेणी प्रवाहित करने वाले सात दिवसीय श्रीमद् भागवत रसपान महोत्सव का शुभारंभ गुरुवार को नगर में भव्यता और श्रद्धा के साथ हुआ। आयोजन के पहले दिन श्री चारभुजानाथ मंदिर, बड़ा चौक से भव्य पोथी यात्रा व शोभायात्रा निकाली गई, जिसने पूरे नगर को भक्तिमय वातावरण से सराबोर कर दिया।**



स्व. श्री बंशीलालजी पलोड़ एवं स्व. श्रीमती कंचनबाई पलोड़ की पुण्य स्मृति में पलोड़ परिवार द्वारा आयोजित इस महोत्सव की शुरुआत विधिवत पूजा-अर्चना के पश्चात पोथी यात्रा से हुई। शोभायात्रा में आकर्षक रथ पर विराजित श्रीमद् भागवत महापुराण, केसरिया ध्वज, पुष्पवर्षा और सुसज्जित बाल-गोपाल ने श्रद्धालुओं का मन मोह लिया।

गाजे-बाजे, ढोल-ढमाकों और संगीतमय भजनों के मधुर बोलो से वातावरण गूंज उठा। श्रद्धालु नृत्य करते, जयघोष लगाते हुए शोभायात्रा में सहभागी बने। यात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से होती हुई कथा स्थल 'रुद्राक्ष' माहेश्वरी भवन, नयापुरा रोड पहुंची, जहां पोथी स्थापना के साथ विधिवत शुभारंभ हुआ।महोत्सव के पहले दिन की भव्य शोभायात्रा ने स्पष्ट कर दिया कि आगामी सात दिन मंदसौर भक्ति, संगीत और आध्यात्मिक आनंद में डूबा रहेगा।

> महोत्सव में सुप्रसिद्ध भागवताचार्य पं. श्री ललितजी राजपुरोहित के श्रीमुख से संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा का रसपान कराया जा रहा है। कथा प्रतिदिन दोपहर सवा 12 बजे से सायं सवा 4 बजे तक आयोजित होगी। सात दिवसीय आयोजन में श्रीमद् भागवत महात्म्य से लेकर सुदामा चरित्र तक विविध दिव्य प्रसंगों का भावपूर्ण वर्णन होगा। आयोजक मनोरथी पलोड़ परिवार ने नगरवासियों से अधिकाधिक संख्या में परिवार सहित पधारकर धर्मलाभ अर्जित करने की अपील की है।

## आईईए अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में अर्थशास्त्रियों को सर्वश्रेष्ठ शोध पत्र पुरस्कार

**मंदसौर/नाहरगढ़।** इंदिरा गांधी राष्ट्रीय जनजातीय विश्वविद्यालय (IGNTU), अमरकंटक के अर्थशास्त्र विभाग ने 108वें भारतीय आर्थिक संघ (ढ्ढश्व) के अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में उल्लेखनीय सफलता हासिल की। आईआईएलएम विश्वविद्यालय, ग्रेटर नोएडा में आयोजित इस सम्मेलन में के अर्थशास्त्रियों को सर्वश्रेष्ठ शोध पत्र पुरस्कार-2025 से सम्मानित किया गया।



अर्थशास्त्र विभागाध्यक्ष प्रो. रक्षा सिंह को 'विकसित भारत में भारत के व्यापार की दिशा, संरचना एवं योगदान' विषय पर तथा शोधार्थी सुश्री खुशबू एवं सहायक प्राध्यापक डॉ. विनोद सेन को संयुक्त रूप से 'विकसित भारत में वित्तीय अर्थव्यवस्था एवं औद्योगिक विकास' विषयक शोध पत्र के लिए यह पुरस्कार प्रदान किया गया। सम्मेलन में देश-विदेश से 178 से अधिक शोध पत्र प्रस्तुत किए गए। पुरस्कार हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल द्वारा प्रदान किए गए। इस उपलब्धि पर कुलपति प्रो. व्योमकेश त्रिपाठी ने शोधकर्ताओं को बधाई देते हुए इसे विकसित भारत ञ्च2047 के लक्ष्य की दिशा में विश्वविद्यालय के अकादमिक योगदान का प्रमाण बताया।

## एक नजर में

### मांगलिक भवन की अव्यवस्थाओं से नागरिक परेशान, नगर परिषद पर लापरवाही के आरोप




**नाहरगढ़।** नगर के वार्ड क्रमांक 15, मनासा रोड स्थित संत रविदास एवं संत कबीरदास के नाम से बने मांगलिक भवन की बदहाल स्थिति को लेकर स्थानीय नागरिकों में नाराजगी है।यह भवन वर्षों से नगर परिषद द्वारा सामाजिक एवं मांगलिक आयोजनों के लिए किराए पर दिया जाता रहा है।भवन के पीछे पूर्व में निर्मित चद्दर शेड को नगर परिषद ने अपने अस्थायी कार्यालय उपयोग के दौरान हटाकर ले लिया, लेकिन नवीन नगर परिषद भवन में स्थानांतरण के बाद आज तक न तो शेड दोबारा लगाया गया और न ही भवन से नगर परिषद का नाम हटाया गया।स्थानीय रहवासियों का कहना है कि नगर परिषद का नाम अंकित रहने से आमजन भ्रमित हो रहे हैं तथा मांगलिक आयोजनों में भी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।वहीं, भवन के पीछे शेड अथवा छत न होने से आयोजनों में असुविधा बनी हुई है।इसके अलावा, भवन की बाउंड्रीवाल के ऊपर से गुजर रही विद्युत लाइन से सटे बबूल के पेड़ को विद्युत मंडल द्वारा काटा गया था, लेकिन वह पेड़ आज तक गेट के पास परिसर में ही पड़ा हुआ है। इससे आवागमन एवं आयोजनों में भारी परेशानी हो रही है। स्थानीय निवासी किशनलाल परिहार ने बताया कि इस संबंध में कई बार नगर परिषद के पार्षदों एवं कर्मचारियों को अवगत कराया गया, लेकिन केवल आश्वासन ही मिले, कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई।नागरिकों ने नगर परिषद एवं जनप्रतिनिधियों से मांग की है कि शीघ्र ही पेड़ हटाया जाए, पीछे चद्दर शेड का निर्माण कराया जाए तथा भवन से नगर परिषद का नाम हटाकर व्यवस्था सुधारी जाए।

### जिले के अधिकांश बूथों पर मनाई गई पं. अटल बिहारी वाजपेई की जन्म जयंती



**मंदसौर।** भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश दीक्षित के नेतृत्व में जिले के अधिकांश बूथों पर भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री पं. अटल बिहारी वाजपेई की जन्म जयंती श्रद्धा व सम्मान के साथ मनाई गई। भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने अटल जी के चित्र पर माल्यार्पण कर उनके विचारों और राष्ट्रसेवा के मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। कार्यक्रमों में सांसद सुधीर गुप्ता, राज्यसभा सांसद बंशीलाल गुर्जर, विधायक हरदीप सिंह डंग, पूर्व विधायक सिसौदिया, नपा अध्यक्ष रमादेवी गुर्जर सहित जनप्रतिनिधियों व वरिष्ठ पदाधिकारियों ने सहभागिता कर अटल जी के जीवन व व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला। जिले के विभिन्न मंडलों व बूथों पर संगठित रूप से आयोजन किए गए।

### जल संचय अभियान के अंतर्गत प्रियदर्शन संस्था द्वारा बहादरी में बोरी बंधान किया




**मन्दसौर।** म.प्र. जन अभियान परिषद जिला सामान्यक तृप्ति बैरागी के निर्देशानुसार ग्राम बहादरी में नवांकुर संस्था प्रियदर्शन सामाजिक सेवा संस्था द्वारा जल संचय अभियान के अंतर्गत बोरी बंधान किया गया।जिसमे ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति बहादरी से डालुराम अहिरवार, महेश दुबे, ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति सुरी से भगत सिंह, ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति बाजखेड़ी से लाला भाई अजमेरी व सचिव श्रीमती मंजु भावसार का सहयोग रहा। नवांकुर संस्था प्रियदर्शन सामाजिक सेवा संस्था के अध्यक्ष दिनेश सोलंकी, के माध्यम से जल संचय संरक्षण अभियान में प्राकृतिक जल स्रोत पर बोरी बंधान समाजसेवी और गांव के नागरिकों की मौजुदगी में बोरी बंधान का कार्यक्रम किया गया।जिसमें बोरियों मे रेत मिट्टी भरकर बहते हुए पानी को रोककर बंधान बनाया गया। नवांकुर संस्था के अध्यक्ष द्वारा श्री सौलंकी द्वारा बताया गया कि बोरी बंधान में जल संचय होने पर विभिन्न लाभ होते हैं इससे पशु पक्षी के पिने के पानी एवं खेतो सिचांई में इसका उपयोग होता है।

### कंवर साहब महाराज की प्रतिमा से छेड़छाड़ मामले में आरोपी की गिरफ्तारी की मांग

**भानपुरा।** भानपुरा नगर के गुर्जर मोहल्ले में स्थित कंवर साहब महाराज की प्रतिमा को 24 दिसंबर 2025 की रात्रि में नुकसान पहुंचाए जाने की घटना को लेकर हिंदू संगठनों में रोष व्याप्त है।इस मामले में बुधवार को विभिन्न हिंदू संगठनों ने संयुक्त रूप से भानपुरा तहसीलदार एवं थाना प्रभारी को ज्ञापन सौंपकर आरोपी की शीघ्र गिरफ्तारी एवं सख्त कार्रवाई की मांग की। ज्ञापन में कहा गया कि इस प्रकार की घटनाएं पूर्व में भी धार्मिक स्थलों पर हो चुकी हैं, लेकिन कठोर कार्रवाई न होने से शरारती तत्वों के हौसले बढ़े हैं।ऐसे कृत्य समाज में सौहार्द बिगाड़ने का प्रयास हैं।हिंदू संगठनों ने स्पष्ट किया कि कंवर साहब महाराज का यह धार्मिक स्थल हिंदू समाज की आस्था का प्रमुख केंद्र है और इस तरह की घटनाएं कतई स्वीकार्य नहीं हैं।हिंदू संगठनों एवं सनातन धर्म मंडल के कार्यकर्ताओं ने प्रशासन से मांग की कि आरोपी की शीघ्र पहचान कर गिरफ्तारी की जाए तथा भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए कठोर कदम उठाए जाएं।

## इनरव्हील क्लब शक्ति ने डिस्ट्रिक चेयरपर्सन विजिट पर किए अनेक सेवा प्रकल्प

**मन्दसौर।** इनरव्हील क्लब मंदसौर शक्ति की डिस्ट्रिक चेयरपर्सन श्रीमती विभा सिंह की विजिट सम्पन्न हुई। चेयरमैन विजिट के दौरान इनरव्हील क्लब शक्ति द्वारा अनेक सेवा प्रकल्प किए गए जिसमें जिला चिकित्सालय में मरीजों हेतु मेडिकल पलंग, नूतन स्कूल और महारानी स्कूल में विद्यार्थियों के पेयजल हेतु वाटर कूलर प्रदान किये गए वहीं वात्सल्य धाम में गर्म स्वेटर, पानी व चाय हेतु केतली व खाना सर्व करने हेतु ट्राली प्रदान की।



चेयरपर्सन सिंह ने इनरव्हील क्लब शक्ति के सेवा कार्यों की सराहना करते हुए महिला सशक्तिकरण, सेवा एवं नेतृत्व पर विचार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि इनरव्हील क्लब समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने का सशक्त माध्यम है और मन्दसौर शक्ति क्लब के कार्य सराहनीय है।

चेयरपर्सन सिंह ने इनरव्हील शक्ति द्वारा विगत छः माह में किये गये सेवा प्रकल्पों व कार्यों की संकलित पुस्तक 'संकल्प' का विमोचन भी किया। स्वागत भाषण क्लब देते हुए क्लब अध्यक्ष विशाल पारिख ने बताया कि इनरव्हील क्लब शक्ति ने वर्ष भर मानव मात्र की सेवा के लिये अनेक सेवा प्रकल्प आयोजित किये है। जिसमें सभी का सराहनीय सहयोग रहा है। प्रारंभ में इनरव्हील प्रार्थना संगीता जैन व अनिता खटोड़ ने प्रस्तुत की। तत्पश्चात् स्वागत गीत नेहा भंडारी ने प्रस्तुत किया। स्वागत एवं नारी शक्ति पर सुंदर नृत्य की प्रस्तुति कविता लोढ़ा ने दी।

क्लब के सेवा प्रकल्पों के बारे में जानकारी क्लब सचिव पिंकी जैन ने दी। चेयरपर्सन श्रीमती सिंह का परिचय निशा भाचावत ने दिया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में क्लब सदस्याएं उपसिथत रही। कार्यक्रम का संचालन नेहा भण्डारी व मिनल रिच्छावरा ने किया व आभार हेमा पोरवाल ने माना।

## दशपुर बीसा पोरवाल सोश्यल ग्रुप ने धुंधड़का में छात्रों को स्वेटर वितरित किए

**मंदसौर। दशपुर बीसा पोरवाल सोश्यल ग्रुप द्वारा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय धुंधडका में 40 बच्चों को स्वेटर वितरण किए गए। ग्रुप द्वारा यह सेवा प्रकल्प स्व. श्री समरथमल केशरीमल जैन की स्मृति में राजेश जैन (जैन स्वीट्स युवराज क्लब) एवं मास्टर मानील के जन्म दिवस पर नितिन विमल जैन (कटपीस वाला) परिवार के सौजन्य से किया गया।**



ग्रुप द्वारा आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ब्लॉक मेडिकल ऑफीसर धुंधड़का डॉ.अभिषेक जैन एवं पूर्व सरपंच अनिता कुंवर सिसोदिया थे। अतिथियों ने कहा कि सोश्यल ग्रुप द्वारा ग्रामीण क्षेत्र में आकर स्कूली बच्चों को स्वेटर प्रदान किए गए इससे बच्चों को ठंड से राहत मिलेगी, इस सेवा कार्य के लिए उन्होंने ग्रुप को बधाई दी। स्वागत उद्बोधन देते हुए सोश्यल ग्रुप अध्यक्ष सीए मयंक जैन कहा कि बच्चों को ठंड से राहत मिलेगी एवं पुण्यार्जन होगा। इसके लिए उन्होंने लाभार्थी परिवारों को धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

स्कूल के प्राचार्य गोविंदराम सुहिल ने ग्रुप सदस्यों का स्वागत करते हुए इस मानवीय सेवा कार्य के लिए साधुवाद दिया। इस अवसर पर ग्रुप के सदस्य निखिल मच्छीरक्षक, जितेंद्र पोरवाल, अंशुल जैन हवेलीवाला, शोभित पोरवाल, अर्पित पोरवाल आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन विकास कोठारी द्वारा किया गया।

## अखिल भारतीय साहित्य परिषद मंदसौर की संगठनात्मक बैठक

▸ **सभी भाषाओं का ध्येय भारत के परम वैभव को पुन: स्थापित करना है : मनोज**

**मन्दसौर।** अखिल भारतीय साहित्य परिषद देश का एकमात्र ऐसा संगठन है जो'' भारत की सभी भाषाओं के विकास की बात साहित्य की सभी विधाओं के लिये करता है'' इसलिये सभी भाषाओं के साहित्य का संवर्धन कर उसका ध्येय भारत के परम वैभव को प्राप्त करना मानता है। यही बात इसे अन्य संगठनों से अलग रखती है।



मंदसौर इकाई का कार्य सराहनीय है फिर भी इकाई बालकों, युवाओं में साहित्य के प्रति रूचि जागृत करने के लिये कहानी, स्लोगन, नारे लेखन के लिये कार्यशालाओं का भी आयोजन करे। जिले की इकाईयों का संयोजन कर साहित्य के लेखकों के साथ पाठकों को भी साहित्य से जोड़े, अच्छे पाठक एवं अच्छा सुनने वालों के अनुसार साहित्य की विधाओं को विकसित करे।

उक्त विचार अखिल भारतीय साहित्य परिषद के केन्द्रीय संगठन मंत्री मनोज द्वारा अ.भा. साहित्य परिषद मंदसौर इकाई की संगठनात्मक बैठक में व्यक्त किये।

बैठक में मालवा प्रांत अध्यक्ष त्रिपुरारीलाल शर्मा, मंदसौर अध्यक्ष नरेन्द्र भावसार, जिला सचिव नंदकिशोर राठौर, मीडिया प्रभारी नरेन्द्र त्रिवेदी ने भी श्री मनोज का स्वागत मोतियों की माला से किया।

इस दौरान हरीश दवे, अजीजउल्लाखान, विजय अग्निहोत्री, श्रीमती अग्निहोत्री, दिलीप जोशी, प्रदीप शर्मा, युवराज, राजेन्द्र तिवारी, प्रकाश कल्याणी, नरेन्द्रसिंह राणावत आदि उपस्थित थे।

रामटेकरी पर संचालित डांगी परिवार के पुस्तकालय का भी आपने अवलोकन किया। आपके साथ प्रवास पर आई श्रीमती अर्चना शर्मा ने दिनांक 9, 10 व 22 जनवरी को रतलाम में आयोजित मालवा मीडिया फेस्टीवल की जानकारी प्रदान की तथा सभी साथियों को इस उत्सव में भाग लेने की अपील की। आपने मालवा मीडिया फेस्टीवल रतलाम का इवेंट पोस्टर भी लांच किया।दोनों अतिथि नगर में आयोजित फिल्म प्रीमियर में भी उपस्थित रहे वहां अर्चना शर्मा ने रतलाम में आयोजित मालवा मीडिया फेस्टीवल के इवेन्ट की जानकारी सभी को प्रदान कर इवेंट में भाग लेने का अनुरोध किया।



## पटवारी पर अभद्रता व धमकी के आरोप, ग्रामवासियों ने तहसीलदार को सौंपा आवेदन

**भानपुरा। भानपुरा तहसील अंतर्गत ग्राम पंचायत रतनपुर के ग्राम धनकपुरा के ग्रामीणों ने एक पटवारी पर अपशब्द कहने एवं जान से मारने की धमकी देने के आरोप लगाते हुए भानपुरा तहसीलदार के नाम आवेदन सौंपा है।**

ग्रामीणों के अनुसार 23 दिसंबर 2025 को दोपहर करीब 2 बजे पटवारी रोहित सिंह भदोरिया धनकपुरा चौराहे पर पहुंचे, जहां ग्रामीण नाली की सफाई कार्य करवा रहे थे। आरोप है कि इसी दौरान पटवारी ने गुलाब सिंह, कालू सिंह, धीरज सिंह, बालू सिंह सहित अन्य ग्रामीणों के साथ अभद्र भाषा का प्रयोग किया तथा धमकी दी। ग्रामीणों द्वारा विरोध करने पर पटवारी ने दबावपूर्ण एवं आपत्तिजनक बयान दिए।

घटना से आक्रोशित ग्रामीणों ने बुधवार को तहसील परिसर में एकत्रित होकर तहसीलदार प्रतिनिधि को आवेदन सौंपते हुए संबंधित पटवारी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। ग्रामीणों का कहना है कि उक्त पटवारी के खिलाफ पूर्व में भी शिकायतें की जा चुकी हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है।

**एक नजर** ▸ **संस्थापक एवं प्रांतीय अध्यक्ष एमपी सिंह परिहार को पुन: सर्वसम्मति से प्रांतीय अध्यक्ष चुना गया**

## पुलिस पेंशनर संघ मध्य प्रदेश का प्रांतीय सम्मेलन एवं साधारण सभा का आयोजन

**मंदसौर।** पुलिस पेंशनर संघ मध्य प्रदेश का प्रांतीय सम्मेलन साधारण सभा का आयोजन बुधवार को मंदसौर के संजय गांधी उद्यान सभागृह में किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में लालचंद भारती सेवानिवृत पुलिस महानिरीक्षक विशिष्ट अतिथि के रूप में सिसोदिया पूर्व विधायक प्रवक्ता भाजपा मध्य प्रदेश अतिथि के रूप में सुभाष दुबे सेवानिवृत्ति डीएसपी, डी एस सोनेर सेवा निवृत्ति डीएसपी, ओपी श्रीवास्तव सेवानिवृत्ति डीएसपी, सोलंकी सेवानिवृत्ति डीएसपी, रशीद खान डीएसपी, मानसिंह परमार सेवानिवृत डीएसपी, एसपीएस चौहान कार्यवाहक प्रांतीय अध्यक्ष छत्रपाल सिंह परिहार सेवानिवृत्तिडीएसपी अध्यक्षता पुलिस पेंशनर संघ के संस्थापक एवं प्रांतीय अध्यक्षएमपी सिंह परिहार द्वारा की गई।




कार्यक्रम का प्रारंभ अतिथियों के द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण दीप प्रज्वलन कर किया गया तत्पश्चात मंचासीन अतिथियों का पगड़ी पहनकर शॉल फूलमालाओं तथा संगठन के दुपट्टे से संस्थापक एवं प्रांतीय अध्यक्ष एमपी सिंह परिहार व एसपीएस चौहान कार्यवाहक प्रांतीय अध्यक्ष के द्वारा स्वागत सम्मान किया गया तत्पश्चात संस्थापक एवं प्रांतीय अध्यक्ष एमपी सिंह परिहार नेसंगठन के बारे में विस्तार से बताया जाकर स्वागत भाषण दिया गया।

पुलिस पेंशनर्स संगठन की सराहना की गई और इतने कम समय में संगठन के द्वारा मध्य प्रदेश में विस्तार और सामाजिक सरोकार के कार्यों में बढ़चर कर संगठन के द्वारा भागीदारी करने पर संस्थापक एवं प्रांतीय अध्यक्ष के कार्यों की सराहनाकी गई अन्य वक्ताओं के द्वारा भी पुलिस पेंशनर संघ के क्रियाकलापों के संबंध में विस्तृत से अपने उद्बोधनमें बताया गया और संगठन की सराहनकी गई आज के कार्यक्रम में मध्य प्रदेश के नीमच मंदसौर रतलाम उज्जैन देवास शाजापुर आगर इंदौर धार झाबुआ खरगोन बड़वानी बालाघाट सिवनी मंडला शहडोल निवाड़ी टीकमगढ़ दमोह पन्ना छतरपुर दतिया भिंड मुरैना शिवपुरी शिवपुर ग्वालियर गुना भोपाल राजगढ़ आदि जिलों के करीब 1000 पुलिस पेंशनर्स एकत्रित हुए कार्यक्रम के दौरान 96 वर्षीय बायो वृद्धपेंशनर श्री जाहर सिंह परिहार का शाल श्रीफल फूल मालाओं से विशेष सम्मान किया गया 80 वर्ष के ऊपर आयु वाले पेंशनर्स का 75 वर्ष से ऊपर आयु वाले पेंशनर्स का और मध्य प्रदेश के 35 जिलों से आए जिला अध्यक्ष गण एवं संगठन में उत्कृष्ट कार्य करने वाले करीब 65 सदस्यों का शाल श्रीफल से सम्मान किया गया कार्यक्रम के दौरान पेंशनर्स की लंबित मांगों को मध्य प्रदेश सरकार के द्वारा नहीं मानी जाने पर आंदोलन की रूपरेखा तैयार की गई साधारण सभा में पुलिस पेंशनर संघ मध्य प्रदेश के प्रांतीय अध्यक्ष व कार्यकारिणी का अगले 3 साल के लिए चुनावी रूपरेखा रखी गई जिसमें सभी के द्वारा करतल ध्वनि से हाथ उठाकर अगले 3 साल के लिए श्री एमपी सिंह परिहार को प्रांतीय अध्यक्ष निर्विरोध निर्वाचित किया गया कार्यक्रम बड़े ही हर्षोल्लास और सद्भाव आपसी समझ के बीच संपन्न हुआ। कार्यक्रम के अंत में पिछले 1 साल में मध्य प्रदेश में दिवंगत हुए 19 पुलिस पेंशनर्स को 2 मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई आभार कार्यवाहक अध्यक्ष श्री एसपीएस चौहान के द्वारा माना गया तत्पश्चात सामूहिक भोज